राज्यपाल सचिवालय
राज भवन जयपुर

## राज्यपाल ने विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों से किया संवाद

## जनजाति क्षेत्रों के विकास के लिए प्रभावी प्रयास हो

# जनजातीय परिवारों के जरूरतमंदों को प्राथमिकता से मिले आवास – राज्यपाल

जयपुर/चित्तौड़गढ़, 16 दिसंबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने जनजाति क्षेत्रों के विकास के लिए प्रभावी प्रयास किए जाने का आह्वान किया है। उन्होंने जनजातीय परिवारों के जरूरतमंदों को प्राथमिकता से आवास योजनाओं से लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। राज्यपाल ने सोमवार को चितौड़गढ़ में जिला स्तरीय अधिकारियों से संवाद कर विभिन्न विकास योजनाओं के जिला स्तर पर क्रियान्वयन को लेकर संवाद किया।

राज्यपाल ने विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों को आर्थिक रूप से संबल प्रदान कराने तथा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने को लेकर जिला स्तर पर किए जा रहे विभिन्न प्रयासों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसी भी वस्तु का उत्पादन करना आसान होता है लेकिन इसकी मार्केटिंग भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न उत्पादों को स्थानीय तथा अन्य स्तर पर पर्याप्त मार्केटिंग कराने के अधिकारी प्रयास करें ताकि उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। उन्होंने जिले में चिकित्सा सेवाओं की समीक्षा भी की। उन्होंने मेडिकल कॉलेज तथा स्थानीय स्तर पर तैयार होने वाले चिकित्सकों के स्थानीय स्तर पर सेवाएं देने के प्रयास करने को कहा।

**पीएम आवास के नवाचार को सहारा**

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी में वंचितों को लाभ देने एवं अब तक की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। जिला प्रशासन द्वारा धनतेरस पर स्वीकृत आवासों का शिलान्यास करने के नवाचार को सराहा। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लखपति दीदी बनाने के लिए किए जा रहे जिला स्तरीय प्रयासों की जानकारी जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने ली। राज्यपाल ने बैठक में केंद्र प्रायोजित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों में बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ, राइजिंग राजस्थान, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, ऊर्जा विभाग की पीएम सूर्यघर योजना एवं कुसुम योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना सहित विभिन्न योजनाओं को जिला स्तर एवं ग्रामीण स्तर पर क्रियान्वयन को लेकर जानकारी ली ।

बैठक में राज्यपाल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिला स्तर पर लगाए गए पेड़ों एवं उनकी सुरक्षा की जानकारी ली। बैठक में जिला कलक्टर आलोक रंजन ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी और जिले में हुए विभिन्न नवाचारों एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी। बैठक में जिला कलक्टर ने विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

---

# राज्यपाल ने चित्तौड़गढ़ दुर्ग का भ्रमण किया

जयपुर/चित्तौड़गढ़, 16 दिसम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने सोमवार को चित्तौड़गढ़ प्रवास के दौरान ऐतिहासिक दुर्ग चित्तौड़गढ़ का भी भ्रमण किया।

दुर्ग भ्रमण के दौरान उन्होंने कुंभा महल, कुंभश्याम मंदिर, पद्मिनी महल, विजय स्तंभ सहित विभिन्न स्थलों का अवलोकन किया और दुर्ग से जुड़ी ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत की जानकारी लेते हुए इसे प्रेरणादायी बताया। उन्होंने दुर्ग भ्रमण के दौरान पर्यटकों से भी संवाद किया।

---



















